https://www.cgboardonline.com

अर्धवार्षिक परीक्षा

कक्षा – नवमीं

विषय– हिन्दी

V

समय– 3 घंटे | पूर्णांक – 50

नोट– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – 5

1) कविता में केले के साथ ------ फल का वर्णन है।

2) छलहीन जीवन बिताने वाले ------ हैं।

3) मेघालय का एक गाँव–मायलिनोंग के लेखक ------ हैं।

4) जामुन के पेड़ से दबा आदमी ------ था।

5) बुआ का नाम ------ था।

प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाइये – 5

1) लोक–कथा	–	मुंशी प्रेमचंद
2) राजिम	–	एशिया का सबसे साफ सुथरा गाँव
3) मायलिनोंग	–	गुमसुम रहना
4) गुल्ली डंडा	–	छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक स्थल
5) पृथ्वी का दुख	–	पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती हैं

प्रश्न 3. सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5

छोटे–छोटे भवन स्वच्छ अति दृष्टि मनोहर आते हैं,
रत्न–जड़ित प्रासादों से भी बढ़कर शोभा पाते हैं।
वट–पीपल की शीतल छाया फैली कैसी है चहुँ ओर,
द्विजगण सुन्दर गान सुनाते, नृत्य कहीं दिखलाते मोर।

प्रश्न 4 से 8 तक प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक हैं।

प्रश्न 4. लेखक ने ऐसा क्यों कहा है कि गुल्ली–डंडा सब खेलों का राजा है ?

प्रश्न 5. मतराही क्या है ?

प्रश्न 6. कलाएँ हमारे जीवन को किस तरह खुशहाल व परिपूर्ण बनाती है ?

प्रश्न 7. यदि समधि के यहाँ से बुलावा आ जाता तो कहानी क्या होती ?

प्रश्न 8. गर्मी के दिनों के पानी की समस्या पर अपने आस–पास के अनुभवों को लिखिए।

प्रश्न क्र. 9 से 11 तक प्रत्येक में 3 अंक हैं।

प्रश्न 9. पृथ्वी को बूढ़ी कहने का क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 10. शादी–विवाह जैसे सामाजिक समारोहों में अकसर व्यक्ति अपनी हैसियत से अधिक खर्च करता है और आर्थिक बोझ में दब जाता है। आपके अनुसार यह कहाँ तक उचित है ?

प्रश्न 11. पुराने जमाने की लड़कियों और उमा के बीच क्या अंतर है ?

प्रश्न 12. वाक्य में प्रयोग कीजिए – (कोई 2) 2

अ) अक्ल का दुश्मन   ब) अंधे की लाठी   स) आँखों का तारा

प्रश्न 13. शुल्क मुक्ति हेतु अपने प्राचार्य महोदय को आवेदन पत्र लिखिए – 4

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामना देने हेतु एक पत्र लिखिए ।

प्रश्न 14. नीचे लिखे अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे प्रश्नों के उत्तर दीजिए 4

बुरी प्रथा सामाजिक अभिशाप है, जिससे परिवार टूटकर बिखर जाता है । घर में अशांति का माहौल बना रहता है । इसलिए इसका विरोध करना चाहिए, बुरी प्रथा जैसे–दहेज प्रथा, बहु विवाह, समाज को छिन्न भिन्न कर रहा है । ठीक उसी प्रकार अच्छी प्रथा सामाजिक वरदान है । जिससे परिवार में मेल मिलाप होता है । आनंद का माहौल बनता है । परिवार में शांति का वातावरण बना रहता है । अच्छे विचार से भारत की स्वच्छता अभियान को गति मिली है । लोगों के नारी पढ़ाओ, नारी बचाओ, स्वच्छता अपनाओ एवं बुजुर्गों का सम्मान प्रथा को प्रोत्साहन करना चाहिए ।

प्रश्न 1) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

2) बुरी प्रथा क्या है ?

3) अच्छी प्रथा क्या है ?

4) बुरी प्रथा से क्या नुकसान होता है ?

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किन्हीं एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए 6

1) विज्ञान के चमत्कार   2) पर्यावरण और प्रदूषण

3) जीवन में खेलों का महत्व   4) आतंकवाद दुनिया के लिए एक खतरा